# कार्यालय प्रधानाचार्य शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय
## गीताधाम रोड, ग्वारीघाट जबलपुर 482008 (म.प्र.)

कमांक / स्था. / 2025 / 6504-06 जबलपुर, दिनांक 01/12/2025

## ::आवश्यक सूचना::

म.प्र. शासन आयुष विभाग मंत्रालय के आदेश कमांक / एफ1–19 / 2013 / 1 / 59 भोपाल दिनांक 02.06.2014, दिनांक 14.01.2016, संचालनालय आयुष म.प्र. भोपाल का पत्र कमांक / एफ–85 / 7086–95 / 2021 / 4–स्थापना भोपाल दिनांक 29 / 11 / 2021 एवं म.प्र. शासन आयुष विभाग भोपाल का पत्र दिनांक 01 / 04 / 2022 द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में इस संस्था के गृहचिकित्सको के पद पर **वर्ष 2026** में नियुक्ति हेतु इस संस्था के छात्रों से जिन्होने अपनी इंटर्नशिप इस वर्ष पूर्ण कर ली है, उन आवेदनकर्ताओं द्वारा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जबलपुर से बी.ए.एम.एस. अंतिम वर्ष की परीक्षा इस संस्था से उत्तीर्ण की है। ऐसे आवेदनकर्ताओं से दिनांक **01 / 12 / 2025 से 10 / 12 / 2025** तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाना है। अंतिम तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा। इस संस्था के गृहचिकित्सको के पदों का विवरण निम्नानुसार है।

| कं. | स्वीकृत पद संख्या | श्रेणीवार ब्रेकअप | | | समेकित वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अनु. जनजाति | अनारक्षित | पिछडा वर्ग | |
| 1 | 03 | 01 | 01 | 01 | रू. 37,690 / – |

नोटः– आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य हैः–

(1). बी.ए.एम.एस. परीक्षा की समस्त अंकसूचियां / पूरक परीक्षा एवं अनुत्तीर्ण सहित ।

(2). हायरसेकेण्डरी की अंकसूची ।

(3). इंटर्नशिप पूर्ण होने का प्रमाण पत्र ।

(4). एन.सी.सी. प्रमाण–पत्र ।

(5). अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कीडा प्रतियोगिता में भाग लिया हो और पुरस्कार प्राप्त किया है तो प्रमाण–पत्र संलग्न करें। संलग्न प्रमाण–पत्रों के आधार पर अतिरिक्त अंक दिये जाने का प्रावधान है।

(6). आरक्षित संवर्ग के उम्मीदवार को म.प्र. शासन द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र एवं मूल निवासी प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

(7). विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय सभी पक्षों को मान्य रहेगा ।

**विशेष नोटः**

(1). यदि शासन द्वारा निजि क्षेत्र के महाविद्यालयों के अभ्यार्थियों को इस महाविद्यालय में स्थानातंरण किया गया है तो ऐसे स्थानातंरित अभ्यार्थियों को शासकीय महाविद्यालय गृहचिकित्सकों के पदों पर नियुक्ति की पात्रता नही होगी (शासनादेश दिनांक 14.01.2016).

(2). महाविद्यालय से निष्कासित (रस्टीकेडेट) अभ्यार्थी इस महाविद्यालय में गृहचिकित्सक के चयन हेतु पात्र नही होंगें।

(3). जो अभ्यार्थी एक बार गृहचिकित्सक कर चुका है वह इसके लिए पुनः पात्र नही होगा ।

(4). किसी भी विषय में अतिरिक्त प्रयास के नंबर नियमानुसार काटे जायेगें।

(5). आवेदनकर्ता आवेदन शुल्क राशि रूपये 500 / – स्वशासी लेखा में जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है।

(6). पूरक का विषय एवं कितने प्रयास में उत्तीर्ण हुए है स्पष्ट उल्लेख करेगें।

(डॉ. एल.एल.अहिरवाल)
प्र.प्रधानाचार्य
शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जबलपुर

कमांक / स्था. / 2025 / 6504-06 जबलपुर, दिनांक 01/12/2025

**प्रतिलिपिः–**

1. वेबसाइड / नोटिस बोर्ड हेतु।
2. लेखाकक्ष, स्थानीय महाविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(डॉ. एल.एल.अहिरवाल) 1.12.25
प्र.प्रधानाचार्य
शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जबलपुर

Balaji:\Grah-Chikitsak21-Nov-25200

कार्यालय प्रधानाचार्य शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय
गीताधाम रोड, ग्वारीघाट जबलपुर 482008 (म.प्र.)

Email: pri.ayurvedajbp@gmail.com,
ayur.clgjabalpur.mp@mp.gov.in

Office - 0761-2970733

क्रमांक/स्था./2025/ 6500-03    जबलपुर, दिनांक 01/12/25

## ::वर्ष 2026 के लिये गृहचिकित्सक पद हेतु विज्ञापन का प्रारूप::

शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जबलपुर में वर्ष 2026 (01 जनवरी 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक) के लिये गृहचिकित्सक के कुल 03 पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापनः—

| ::पदों का वर्गीकरण:: | |
|---|---|
| अनुसूचित जनजाति | 01 पद |
| अनारक्षित | 01 पद |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 01 पद |
| कुलः— | 03 पद |

**नोटः**—शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय जबलपुर से उत्तीर्ण कलेण्डर वर्ष 01.01.2025 से 31.12.2025 तक इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले छात्र/छात्राएं ही गृहचिकित्सक पद के लिये योग्य होंगे।

(डॉ. एल.एल.अहिरवाल)
प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी
शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय
एवं चिकित्सालय ग्वारीघाट जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक/स्था./2025/ 6500-03    जबलपुर,दिनांक 01/12/25

प्रतिलिपिः—

(1). वेबसाइड में विज्ञापन प्रकाशन हेतु प्रेषित।
(2). नोटिस बोर्ड चस्पा हेतु।
(3). लेखाकक्ष स्थानीय महावि. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1·12·25
(डॉ. एल.एल.अहिरवाल)
प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी
शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय
एवं चिकित्सालय ग्वारीघाट जबलपुर (म.प्र.)